RNI No. 43038/1985 Postal Reg. No.: DL(C)-14/1434/2024-26, Posting Date: 28 & 29 of the Same Month

मूल्य: 10 रुपये

नेजाजी की जुबानी

''राष्ट्रवाद मानवता के उच्चतम आदर्शों सत्यम, शिवम, सुन्दरम द्वारा प्रेरित होता है।''

जन गर्जन

वर्ष 39 अंक 9 हिन्दी मासिक नई दिल्ली सितम्बर –2024 विक्रमी संवत्–2078 प्रधान संपादक: देवब्रत बिश्वास, वार्षिक – शुल्क: 100 रुपये

लोकतंत्र की चुनौतियों से निपटना अनिवार्य है

जी. देवराजन
महासचिव
ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक

एक लोकतांत्रिक एवं पंथनिरपेक्ष समाज के रूप में हम सब अपने गति में सबसे बड़ा अवरोध का काल झेल रहे हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारे लोकतंत्र को अनेक बार कठिन दौर से गुजरना पड़ा है फिर भी अपनी परिपक्वता की ओर दशक दर दशक उसे बढ़ते रहने का मौका मिलता रहा है। एक अति विषम परिस्थिति अकस्मात उपस्थित हुई जब कार्यपालिका और न्यायपालिका अपने स्वतंत्र अस्तित्व को मिटाते हुए एक साथ दिखाई दी। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास की पहली घटना है जब पदासीन भारत के प्रमुख न्यायधीश ने सत्ताशीन प्रधानमंत्री को अपने घर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया तथा इसके चित्र व वीडियो सार्वजनिक किए गए। देश के प्रमुख न्यायधीश भगवा कुर्ता में थे जबकि प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के प्रचलित टोपी व पोशाक में देखे गए।

हमारा तंत्र इस तरह के कार्यो की अनुमति नहीं देता है। भारत के प्रमुख न्यायधीश और सर्वोच्च न्यायालय के अन्य जजों की नियुक्ति के समय पद की शपथ ली जाती है, देश के संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा व जुड़ाव रखना अनिवार्य होता है। वे किसी भी पक्षपात से ऊपर उठकर भय मुक्त होकर अपना कार्य कर सकें और कानून व संविधान की गरिमा को बनाए रखने का दायित्व रखते हैं।

भारत में आम जनता न्याय प्रणाली में विशेष आस्था रखती है। अनेक अवसरों पर जब राजनैतिक दल उत्पन्न परिस्थिति का सामना नहीं कर पाते हैं तब न्याय प्रणाली ही रास्ता निकाला करती है और आम जनता राहत व शांति का अनुभव करती है। यद्यपि ऐसे बहुत से घटनाक्रम हुए हैं जब देश की न्याय प्रणाली पर तीखे प्रश्न उठते रहे हैं तथा उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता है। देश के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के जज विवादों में देखे जाते रहे हैं तथा उनकी विश्वसनीयता संदेह से देखी जाती रही है। परंतु फिर भी लोगों को न्यायिक प्रणाली पर भरोसा है जिसे प्राकृतिक रूप से स्वतंत्र बनाया गया है। इस बार गणेश पूजन के अवसर के चित्र व वीडियों प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए जिस पर प्रश्न उठेंगे हीं, भले ही प्रधानमंत्री, प्रमुख न्यायधीश के यहां आमंत्रित किए गए हों। प्रमुख न्यायधीश के पद की शपथ की गरिमा पर भी प्रश्न उठेंगें। इस तरह देश के प्रमुख न्यायधीश व प्रधानमंत्री ने अपनी पद की शपथ की गरिमा को खंडित किया है तथा ऐसा दोनों ने किया है। पद को लेकर ली गयी शपथ का संबंध संविधान के साथ ही नहीं होता है बल्कि अपनी चेतना के साथ भी होता है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ–भाजपा के एजेंडें के अनुयायी इस घटना से प्रसन्न हैं और कह रहे हैं कि उत्सव के अवसर हमें पास लाते हैं। ऐसे अवसरों पर मिल–जुलकर पूजा की जाती है तथा कौन किसके साथ कहां ऐसे आयोजनों में गया है या देखा गया हैं जैसे विवाद उठाया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे लोकतंत्र के इतिहास में संस्थागत और व्यक्तिगत स्तर पर न्यायपालिका और कार्यपालिका के सदस्यों के मध्य पारस्परिक मेल–जोल या प्रभाव की बात कोई नई नहीं है। पास आना हमारे त्यौहारों व उत्सवों का विशिष्ट चरित्र हैं। इसमें कोई बुराई नहीं है। देश के प्रधानमंत्री एवं प्रमुख न्यायाधीश अपनी धार्मिक आस्था को लेकर एक साथ प्रमुख न्यायाधीश के घर देखे गए तो यह उनका अधिकार है और इसमें राजनीति नहीं करनी चाहिए।

भारत एक बहु–सांस्कृतिक देश है। भारत विविध व विशाल है तभी उसे उपमहाद्वीप भी कहा जाता है जहां भाषायी विविधता प्रबलता से है और विविध धर्मो व आस्था के लोगों का सह–अस्तित्व एक वास्तविकता है जो सबको बांध के रखती है। ऐसा सहसस्त्राब्दियों से है। प्रधानमंत्री व प्रमुख न्यायाधीश की साझा सार्वजनिक हुई छवि से स्पष्ट रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या धर्म को देश की न्यायापालिका के साथ मिश्रित किया जा रहा है। हमारे देश व समाज में अनेक धर्म व आस्था का जीवंत संचार है तब ऐसे में देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों द्वारा एक धर्म विशेष के चित्र को सार्वजनिक किया जाना उनके द्वारा पद की शपथ की गरिमा के विरुद्ध क्यों नहीं है? एस.आर.बोम्मई केस याद कीजिए जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा था: ''संविधान इसे मान्यता नहीं देता, ऐसा करने की अनुमति नहीं देता, धर्म व सत्ता का मिश्रण नहीं होना चाहिए। दोनों को अलग अवश्य ही रखा जाना चाहिए।''

लोकतंत्र की चुनौतियों से हमें निपटना आवश्यक है क्योंकि गत 10 वर्षो से हमारे लोकतांत्रिक प्रणाली का काला युग चल रहा है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका लोकतंत्र के तीन आवश्यक स्तंभ हैं जिन्हें मोदी काल में बहुत कमजोर किया गया है। हमारी बातों को समझने हेतु निम्नलिखित दो विषयों की विवेचना जरूरी है।

भीड़ हिंसा–उत्तर भारत से और मुख्यतः हरियाणा और उत्तर प्रदेश से भीड़ हिंसा का समाचार आ रहा है। गोमांस की तस्करी और गो हत्या का आरोप गो रक्षकों ने लगाया और हरियाणा में दो लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई। यह भीड़ हिंसा पुनः उफन रही है। बड़े समूह के द्वारा छोटे समूह को निशाना बनाया जा रहा है। बड़े समूह के लोग अपना दावा या अधिकार मानते हैं और भले ही यह कार्य अवैध न हो, अल्प समूह के लोग शिकार बनाए जा रहे हैं। बड़े समूह न तो संविधान को मानते

शेष पेज 2 पर...

वामपंथी और प्रगतिशील ताकतों के लिए एक अपूरणीय क्षति

(ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के महासचिव जी. देवराजन ने 12 सितंबर 2024 को कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर निम्नलिखित बयान जारी किया है)

ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की केंद्रीय कमेटी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी के दुखद और आकस्मिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

कॉमरेड सीताराम येचुरी भारतीय राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति और वामपंथी आंदोलन की एक महत्वपूर्ण आवाज थे। कॉमरेड सीताराम को आज के वामपंथी राजनीतिक आंदोलन में सबसे अग्रणी नेता के रूप में जाना जाता था। उनकी वाक्पटुता, सौम्य व्यवहार और सहज शारीरिक भाषा वामपंथी राजनीति की ओर प्रगतिशील दिमागों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त थी। चुनौतीपूर्ण राष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों में सकारात्मक हस्तक्षेप करने की उनकी उल्लेखनीय क्षमता विस्मयकारी थी।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव के रूप में उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने भारतीय राजनीति पर एक अमिट छाप छोड़ी है। अपने कार्यकाल के दौरान, सीताराम येचुरी ने अपने आदर्शो के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया और उन उद्देश्यों के लिए अथक परिश्रम किया, जिन पर उन्हें विश्वास था। राजनीतिक विमर्श और सार्वजनिक जीवन में उनका योगदान महत्वपूर्ण था, और उन्हें

उनके समर्पण और प्रभाव के लिए याद किया जाएगा।

येचुरी के कार्यकाल की विशेषता यह थी कि वे तेजी से विकसित हो रहे राजनीतिक माहौल में मार्क्सवाद के सिद्धांतों को स्पष्ट करने और उनका बचाव करने में सक्षम थे। उन्होंने वामपंथ की नीतियों और रणनीतियों को आकार देने में

शेष पेज 2 पर...

हरियाणा और जम्मू व कश्मीर विधान सभा चुनावों में मोदी की विभाजनकारी नीति जारी

संपादकीय

जहां तक भारत के राजनैतिक व न्यायिक इतिहास का प्रश्न है सितम्बर की 12 तारीख की चर्चा विशेष कारणों से अवश्य ही होगी। यह वह दिन है जब इस वर्ष गणेश–पूजन के शुभ अवसर पर आवश्यक विभाजनकारी रेखा को लांघकर देश की कार्यपालिका और न्यायपालिका एक साथ देखी गई। देश के प्रमुख न्यायाधीश के आवास पर हो रहे पूजन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु देश के प्रधानमंत्री जा पहुंचे। इस प्रकार दोनों की संवैधानिक मर्यादाएं भलीभांति प्रभावित हुई।

यह वही 12 सितम्बर है जब पटियाला हाउस (कोर्ट) नई दिल्ली द्वारा इंजीनियर राशिद को रिहा किया गया। राशिद, जम्मू व कश्मीर से एक सांसद है जो यूएपीए के तहत जेल में बंद थे, जिनको एक आतंकवादी को फंड मुहैया कराने का आरोपी बनाया गया था। याद कीजिए जेएनयू के उमर खालिद को और जामिया मिलिया इस्लामिया व दिल्ली विश्वविद्यालय के उनके साथियों को जो इसी यूएपीए के तहत जेल में हैं। सीएए 2019 के विरोध में जारी धरना प्रदर्शन में उत्साहित कर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का आरोप है जिस कारण दिल्ली पुलिस के अनुसार फरवरी 23–24, 2020 को पूर्वोत्तर दिल्ली में दंगे भड़के थे। ये सब अभी भी जेल में हैं। एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि क्या उमर खालिद व उनके साथियों का अपराध, देश की सम्प्रभुता को लेकर, राशिद के द्वारा आतंकवादी की फंड दिलाने से ज्यादा गंभीर है? स्पष्ट है कि जम्मू व कश्मीर में विधानसभा का चुनाव है तथा उसका लाभ सत्ता पक्ष को लेना है।

पुनः 12 सितम्बर को याद करें जब अरविंद केजरीवाल की अपील पर उन्हें अगले दिन रिहा करने की भूमिका का निर्माण हो गया तथा 13 सितम्बर को वे रिहा हुए। पिछले कई माह से वे तिहाड़ जेल में बंद थे। उनके जमानत की शर्त भी विचित्र है कि वे अपने ऑफिस दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते हैं, अधिकारियों की आवश्यक मीटिंग नहीं बुला सकते हैं। कुल मिलाकर यह स्पष्ट हो गया कि उनकी रिहाई इसलिए हुई कि वे जोर–शोर से हरियाणा विधानसभा में 'आप' का प्रचार करें तथा भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचे। 'इंडिया' गठबंधन यहां बिखर गया है तथा विधानसभा की 90 सीटों पर कांग्रेस व आप ने अपने–अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

हरियाणा राज्य में भाजपा के विरोध में लहर चल रही है तथा कांग्रेस के अनुकूल वातावरण बना हुआ है। इसको बदलकर लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का दावा भाजपा कर रही है।

जिसमें इंडियन नेशनल लोकदल, चंद्रशेखर आज़ाद रावण, मायावती, जेजेपी, तथा अब 'आप' के आ जाने से कांग्रेस की परिस्थिति को चुनौती मिलेगी। भाजपा इसका लाभ लेगी। मूल प्रश्न यही है। इसी कारण केजरीवाल की रिहाई हुई है। यहीं नहीं छह बार अब तक पेरोल पर छूटने वाला राम रहीम भी जेल से पुनः बाहर है तथा भाजपा का कमजोर भाग्य राज्य में कैसे मजबूत हो इसीलिए वह भी लगा हुआ है। साथ मे बहुसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण तेज करने को लेकर एक बार फिर से निर्दिष्टित हिंसा (भीड़ हिंसा) हरियाणा में उफन रही है जो राष्ट्रीय स्वयं सेवकसंघ – भाजपा का पुराना एजेंडा है।

जम्मू व कश्मीर के लोग भाजपा से नाराज हैं क्योंकि उनका राज्य का दर्जा चला गया और केंद्र शासित क्षेत्र बन कर रह गए। 9 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 व 35ए मिटाकर राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त कर दिया। आगे चलकर चुनाव क्षेत्रों का गठन (डिलीमीटेशन) नए तौर पर विभाजनकारी बनाकर गढ़ा गया। मुस्लिम बाहुल्य कश्मीर घाटी और हिन्दू बाहुल्य जम्मू में अवांछनीय और अकारण यह गठन बदला गया। जम्मूकी 37 सीटों को बढ़ाकर 43 किया गया और कश्मीर घाटी की 47 सीटों को घटाकर 46 किया गया तथा पहली बार 9 सीटें अनुसूचित जाति व जन जातियों के नाम पर राज्य में सृजित किए गए। जम्मू व कश्मीर राज्य की राजनैतिक शक्ति संतुलन को पूरी तरह पलटने की नीयत से भाजपा ने ये कार्य किए हैं। ऐसा कर भाजपा ने दो राष्ट्रवादी राजनैतिक दलों नेशनल कांफ्रेस व पीडीपी की भूमिका को दबाया है जिन दलों ने भारतीय संविधान की शपथ ली है। भाजपा–विरोधी मतों को विभाजित करने में मोदी ने अपनी पूरी कोशिश कर अपना मार्ग बनाने का प्रयत्न किया है।

इन दोनों राज्यों के चुनाव का साम्प्रदायिकरण कर जीत हासिल करने का मोदी का कार्यक्रम है जिसके बल पर ऊर्जा प्राप्त कर वे भाजपा विरोधी लहर को दबा सकें तथा असम, झारखंड तथा महाराष्ट्र में पहले से चल रहे मोदी विरोधी लहर के रूख को कुछ हद तक परिवर्तित कर सकें।

यह तो समय बताएगा क्योंकि हर जगह जन मानस मोदी विरोधी होता जा रहा है। लोग पूरा बदलाव चाह रहे हैं तथा जनता को जगाने का अपना कार्यक्रम हम सबको करते रहना चाहिए।

वामपंथी और प्रगतिशील ताकतों...

पेज 1 से जारी...

महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें श्रमिकों के अधिकार, सामाजिक समानता और आर्थिक न्याय जैसे मुद्दों की वकालत की गई। उनके भाषणों और लेखन में वामपंथी विचारधारा के सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं के साथ गहरी संलग्नता दिखाई देती थी, जो समर्थकों और आलोचकों के व्यापक स्पेक्ट्रम के साथ समान रूप से गूंजती थी।

येचुरी के सबसे स्थायी योगदानों में से एक श्रमिक वर्ग की राजनीति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता थी। उन्होंने मजदूरों, किसानों और हाशिए के समुदायों के हितों की वकालत की, लगातार ऐसी नीतियों पर जोर दिया, जिनका उद्देश्य आर्थिक असमानताओं को कम करना और जीवन स्तर में सुधार करना था। महत्वपूर्ण श्रमिक हड़तालों और किसान विरोधों के दौरान उनके नेतृत्व ने जमीनी स्तर के आंदोलनों के प्रति उनके समर्पण और परिवर्तनकारी सामाजिक बदलावों के लिए समर्थन जुटाने की उनकी क्षमता को उजागर किया।

येचुरी की भूमिका केवल पारंपरिक दलीय राजनीति तक सीमित नहीं थी। वे विभिन्न सामाजिक आंदोलनों और प्रगतिशील संगठनों के साथ सक्रिय रूप से संवाद में लगे रहे, ताकि ऐसे गठबंधन बनाए जा सकें जो व्यवस्थागत अन्याय को दूर कर सकें और समावेशी विकास को बढ़ावा दे सकें। उनके प्रयास सामूहिक कार्रवाई की शक्ति और विविध सामाजिक समूहों के बीच एकजुटता में उनके विश्वास का प्रमाण थे। अंतरराष्ट्रीय मामलों के बारे में उनका ज्ञान न केवल असाधारण था, बल्कि दूसरों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में भी काम करता था। उनका आकस्मिक निधन न केवल सीपीआई (एम) के लिए बल्कि देश के वामपंथी और प्रगतिशील आंदोलन के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कई नेताओं के साथ बहुत सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे। सीताराम के निधन से ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने अपने सबसे करीबी साथियों में से एक को खो दिया है। ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक कॉमरेड सीताराम येचुरी की शानदार यादों को संजोते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और सीपीआई (एम) के सभी कार्यकर्ताओं के साथ उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वाले सभी लोगों के दुख में शामिल होता है।

लोकतंत्र की चुनौतियों से निपटना...

पेज 1 से जारी...

न तो संविधान को मानता है और न ही कानून व्यवस्था की कद्र करता है। यहां बड़े समूह के चुनिन्दा लोगों के बारे में कहा जा रहा है जो भीड़ हिंसा के नाम पर, गौ रक्षक बन अल्पसंख्यक समुदाय को शिकार बनाते है तथा देश के पंथ निरपेक्ष ताने बाने को क्षति पहुंचाते जा रहे हैं। यह सब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–भाजपा के एजेंडे के अनुकूल है जिस के द्वारा बहुसंख्यक वर्ग का का दब–दबा स्थापित किया जा रहा है।

भारतीय संविधान में अनुच्छेद 21 में मानवीय गरिमा का वर्णन है और भीड़ हिंसा द्वारा उसका उल्लघंन होता है तथा यूनिवर्सल डिक्लेरशन ऑफ ह्यूमन राइट्स की घोर अवमानना है। 'समानता का अधिकार' तथा 'भेदभाव पर रोक' जैसी भावना को समाप्त किया जा रहा है। इस तरह संविधान में वर्णित धारा 14 व 15 की अवमानना हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने भीड़ हिंसा को भीड़ तंत्र का खराब रूप कहा है। भारतीय लोकतंत्र व समाज में भीड़ हिंसा की कोई जगह नहीं है। हर हाल में हमारे देश व समाज से भीड़ हिंसा को दूर करना होगा। हर हाल में हमारे देश व समाज से भीड़ हिंसा का उन्मूलन होना अनिवार्य है।

2. मणिपुर अभी भी जल रहा है: गत 3 मई 2024 को मणिपुर हिंसा को लेकर एक सरकारी रिपोर्ट प्रकाशित हुई जिसके अनुसार 22 लोग हिंसा में मारे गए और 60,000 लोग विस्थापित हुए। रिपोर्ट के अनुसार 1000 लोग घायल हुए ताा 32 लोग लापता हुए। लगभग 4786 घरों और 386 धर्म स्थलों को जलाया गया जिसमें मंदिर व चर्च भी शामिल है। इस वर्ष मई में इस हिंसा को होते हुए एक वर्ष बीत गया। हिंसा अभी भी जारी है तथा आवश्यक इंटरनेट सेवाएं कटती रहती हैं। मणिपुर हिंसा ने एक सिविल वॉर अर्थात् गृह युद्ध का रूप ले लिया है तथा अपरिवर्तन शील बदलावों ने आकार ले लिया है। राज्य के लोगों का आपसी नज़रिया और केन्द्र को समझने व केन्द्र द्वारा उन्हें समझने के विषय जटिल रूप ले चुके है तथा हमें यह स्वीकार करना चाहिए की मणिपुर भारत का भाग है, वहां के लोग हमारे हैं। राज्य व केंद्र सरकारों को इस समस्या के निदान के लिए आवश्यक कदम उठाना होगा।

निष्कर्ष : भारत विश्व का विशालतम लोकतंत्र है जिसकी जीवंतता को पाने के लिए काया पलट जरूरी है। आज जीवंत संवेदनायुक्त नागरिक पहचान, तार्किक दिमाग और वैज्ञानिक प्रगतिशील सोच के साथ स्वतंत्र प्रेस की आवश्यकता है। आज स्वतंत्र न्यायपालिका और चेक एंड बैलेंस की मजबूत प्रणाली की जरूरत है। एक समय था जब स्वतंत्रता और समानता के मजबूत मानदंडों पर भारतीय समाज आगे बढ़ रहा था–उसकी गति थम सी गयी है। अति केंद्रीकृत शासनतंत्र की जानलेवा पकड़ बढ़ रही है तथा भारतीय लोकतंत्र को धक्के ही नहीं बल्कि हिंसात्मक झटके दिए जा रहे हैं जिस कारण लोकतंत्र को संजीदा रखने वाले हर संस्थान व परिपाटियां कमजोर कर तिरोहित की जा रही है। देश में आक्रामक रूप से बहुसंख्यकवाद हावी होता जा रहा है तथा अल्पसंख्यकों के अधिकार सिमटते जा रहे हैं। यह सब एक सुनियोजित कार्यक्रम के तहत संचालित किया जा रहा है जहां विरोध के सुर को राष्ट्रविरोधी कहा जाता है। परंतु कहानी इतनी सी ही नहीं है।

आज हर ओर आंदोलन उभर रहे हैं। विरोध दबाए जाने के बावजूद मुखरित हो रहा है तथा राजनीतिक कार्यकर्त्ता, छात्र, युवा, किसान, ट्रेड यूनियन, वकील, नागरिक, लेखक और बुद्धिजीवी सभी उद्वेलित हैं। न्याय व लोकतंत्र की रक्षा के लिए आए दिन आंदोलनरत रहते हैं। इन संघर्षो से प्रसारित ऊर्जा शक्ति दे रही है जिसके बल पर समानता, न्याय व समाजवाद के मूल्यों पर देश का नवनिर्माण संभव प्रतीत होता है।

चीन और भारत एक दूसरे की सफलता में कैसे योगदान दे सकते हैं

(भारत में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के दूतावास द्वारा सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के साथ साझेदारी में आयोजित सेमिनार में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के महासचिव कॉमरेड जी. देवराजन की 19 सितंबर 2024 को "आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए गहन सुधार: चीन और भारत एक दूसरे की सफलता में कैसे योगदान दे सकते हैं" पर विवेचना निम्नवत है)।

भारत में चीनी राजदूत माननीय हू फेइहोंग, प्रिय साथियों और मित्रों,

तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य में, दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश और उभरती हुई आर्थिक महाशक्तियाँ–चीन और भारत के रास्ते तेजी से एक दूसरे से जुड़ते जा रहे हैं। आधुनिकीकरण की अपनी आकांक्षाओं से प्रेरित दोनों राष्ट्र जटिल चुनौतियों और अवसरों का सामना कर रहे हैं, जिनका आपसी सहयोग से लाभ उठाया जा सकता है।

आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए गहन सुधार का विषय, जैसा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं केंद्रीय समिति की बैठक में जोर दिया गया, भारत के अपने आधुनिकीकरण लक्ष्यों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होता है। यह जांच कर कि चीन और भारत रणनीतिक सहयोग और सुधार के माध्यम से एक–दूसरे की सफलता में कैसे योगदान दे सकते हैं, हम पारस्परिक विकास और स्थिरता के मार्गों की पहचान कर सकते हैं। चीन और भारत दोनों की आधुनिकीकरण रणनीतियों के मूल में उनकी अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को बदलने के उद्देश्य से व्यापक सुधार अविर्य हैं। चीन के लिए, नवाचार, तकनीकी उन्नति और टिकाऊ प्रथाओं पर जोर देने के साथ, उच्च गति के विकास से उच्च गुणवत्ता वाले विकास में संक्रमण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत के आधुनिकीकरण प्रयासों में विभिन्न क्षेत्रों में संरचनात्मक सुधार शामिल हैं। भारत सरकार ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए "मेक इन इंडिया", डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार आदि जैसी पहलों को प्राथमिकता दी है।

अभूतपूर्व वैश्विक अंतर्संबंध के इस युग में, भारत और चीन के बीच साझेदारी एशिया के विकास, विश्व शांति, तकनीकी नवाचार और मानवता की समग्र उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में खड़ी है। दोनों राष्ट्र गरीबी उन्मूलन, शहरीकरण और तकनीकी उन्नति जैसे समान विकास लक्ष्यों को साझा करते हैं। इन क्षेत्रों में संयुक्त पहल से साझा प्रगति और नवाचार हो सकता है, जिससे न केवल दोनों देशों को बल्कि पूरे एशियाई क्षेत्र को लाभ होगा। भारत और चीन दोनों ही तकनीकी उन्नति के मामले में सबसे आगे हैं। इस क्षेत्र में उनके सहयोग से परिवर्तनकारी नवाचार हो सकते हैं। चीन की उन्नत विनिर्माण क्षमताएँ और तकनीकी कौशल, भारत के बढ़ते आईटी क्षेत्र और उद्यमशीलता की भावना के साथ मिलकर सहयोगी उपक्रमों के लिए अवसर प्रस्तुत करते हैं। प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में साझेदारी करके, दोनों देश अपने आधुनिकीकरण लक्ष्यों को आगे बढ़ाते हुए आम चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 5जी तकनीक और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में चीन की प्रगति को सॉफ्टवेयर विकास, डेटा एनालिटिक्स और स्टार्टअप में भारत की विशेषज्ञता से पूरित किया जा सकता है। संयुक्त उद्यम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते आपसी लाभ को सुगम बना सकते हैं, तकनीकी क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं और साझा समस्याओं के लिए अभिनव समाधान तैयार कर सकते हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा में सहयोगात्मक प्रयास, महामारी और शैक्षिक असमानताओं जैसी वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। संयुक्त स्वास्थ्य पहल और शैक्षिक आदान–प्रदान ज्ञान और स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार कर सकते हैं, जिससे दुनिया भर के लोगों को लाभ मिल सकता है। दोनों राष्ट्र महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सतत विकास परियोजनाओं पर एक साथ काम करके, वे वैश्विक पर्यावरणीय लक्ष्यों में योगदान दे सकते हैं और जलवायु परिवर्तन, संसाधन प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण जैसे मुद्दों का समाधान कर सकते हैं।

सांस्कृतिक आदान–प्रदान और आपसी समझ में वृद्धि वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा दे सकती है। भारत और चीन की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मूल्यवान अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण प्रदान करती है जो एक अधिक परस्पर जुड़ी और सहानुभूतिपूर्ण दुनिया में योगदान दे सकती है। चीन और भारत के बीच संबंधों में सहयोग और विवाद का एक जटिल अंतर्संबंध है। जबकि दोनों देश अपनी विकासात्मक महत्वाकांक्षाओं और आधुनिकीकरण लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं, ऐतिहासिक सीमा विवाद और अन्य लंबित मुद्दों ने कभी–कभी उनके संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है। जबकि आर्थिक सहयोग स्पष्ट लाभ प्रदान करता है, चीन और भारत को राजनीतिक और रणनीतिक चुनौतियों का भी सामना करना चाहिए जो उनके सहयोग को प्रभावित कर सकते हैं। ऐतिहासिक तनाव और भू–राजनीतिक विचार साझेदारी के प्रयासों को जटिल बना सकते हैं। हालाँकि, कूटनीतिक संवाद, राजनीतिक आदान–प्रदान और विश्वास–निर्माण उपायों के माध्यम से इन मुद्दों को संबोधित करने से गहन सहयोग का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। मजबूत कूटनीतिक चैनल और नियमित संचार विवादों को प्रबंधित करने और गलतफहमियों को रोकने में मदद कर सकते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, पंचशील के सिद्धांत, शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व के पाँच सिद्धांत, एक ऐसा ढाँचा प्रदान करते हैं जिसके माध्यम से चीन और भारत अपने मतभेदों को दूर कर सकते हैं और आपसी सहयोग को बढ़ावा दे सकते हैं। बाहरी नेता अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए भारत और चीन के बीच मौजूदा तनावों का फायदा उठाने का प्रयास कर सकते हैं। दोनों देशों के लिए ऐसी चालों से अवगत रहना और बाहरी दबावों पर द्विपक्षीय वार्ता और सहयोग को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। सक्रिय कूटनीति में संलग्न होकर, भारत और चीन बाहरी प्रभावों से उत्पन्न होने से पहले मुद्दों को संबोधित कर सकते हैं। एशिया के विकास को आगे बढ़ाने, विश्व शांति को बढ़ावा देने, तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने और मानव प्रगति को बढ़ावा देने के लिए भारत और चीन के बीच एकता और सहयोग आवश्यक है। अपने साझा लक्ष्यों और सिद्धांतों का पालन करके और अपने संबंधों को कमजोर करने के बाहरी प्रयासों का विरोध करके, दोनों देश अपनी सामूहिक शक्तियों का उपयोग करके एक अधिक स्थिर, समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण वैश्विक समुदाय बना सकते हैं। एक ऐसी दुनिया में जहाँ परस्पर जुड़ाव और सहयोग तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं, भारत–चीन साझेदारी इस बात का एक शक्तिशाली उदाहरण है कि कैसे रणनीतिक एकता सकारात्मक बदलाव ला सकती है और समग्र रूप से मानवता को लाभान्वित कर सकती है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि दोनों देश अपने मौजूदा सहयोग को और मजबूत करेंगे और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अभिनव रास्ते अपनाएँगे। चीन और भारत के लोगों के बीच भाईचारे का रिश्ता अमर रहे। आप सभी का धन्यवाद।

ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा का राष्ट्रीय सम्मेलन पटना में होगा

12 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय किसान विरोध दिवस

ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा की केंद्रीय समन्वय कमेटी ने 15, 16 और 17 दिसंबर 2024 को पटना, बिहार में अपना 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। साथ ही निम्नलिखित मांगों के आधार पर 12 नवंबर 2024 को पूरे देश में राष्ट्रीय किसान विरोध दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा की सभी राज्य इकाइयों को विरोध कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए और राज्यपालों को ज्ञापन सौंपने की योजना बनानी चाहिए।

1. कृषि उत्पादों के लिए वैधानिक एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) दिया जाए। डा. स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों को लागू किया जाना चाहिए।

2. सभी राज्य सरकारों द्वारा तत्काल प्रभाव से व्यापक कृषि–कल्याण अधिनियम को लागू किया जाना चाहिए। उक्त कृषि कल्याण अधिनियम में निम्नलिखित बातें शामिल होनी चाहिए। कृषि पेंशन 10,000/– रुपये प्रति माह, फसल बीमा, सब्सिडी वाली बिजली, बीज, कीटनाशक, कृषि उपकरण आदि।

3. कृषि क्षेत्र में अनुबंध खेती और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश को रोका जाना चाहिए।

4. भारतीय कृषि क्षेत्र पर विश्व व्यापार संगठन के प्रभाव की समीक्षा की जानी चाहिए और एक श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए।

5. भूमि सुधार अधिनियमों को सख्ती से लागू करके जोतने वालों को जमीन सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इन मांगों के साथ, ऑल इंडिया किसान सभा की सभी राज्य इकाइयों को स्वतंत्र किसान आंदोलन संगठित करने और संयुक्त किसान मोर्चा के चल रहे आंदोलनों में शामिल होने का निर्देश दिया जाता है।

6. राष्ट्रीय किसान विरोध दिवस ऑल इंडिया किसान सभा के राष्ट्रीय किसान विरोध दिवस के लिए दीवार–लेखन, पोस्टर, बोर्ड और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से अधिकतम प्रचार किया जाना चाहिए।

क्या आरबीआई दिवालिया होने की ओर बढ़ रहा है?

लोकसभा चुनाव के दौरान सरकार ने आरबीआई से 1.65 लाख करोड़ रुपए लिए थे और अब आरबीआई के पास मात्र 30,000 करोड़ रुपए रह गए हैं।

इससे पता चलता है कि बैंक ही नहीं बल्कि आरबीआई भी दिवालिया होने की राह पर है...

क्या यह खतरे की घंटी नहीं है?

ऐसा क्यों और कैसे हुआ?

आज आम नागरिक ऐसे सवाल नहीं पूछेगा, क्योंकि वे अर्थशास्त्र से ज्यादा धार्मिक शास्त्रों में उलझे हुए हैं। उन्हें शायद यह भी पता नहीं होगा कि 2014 से पहले किसी भी सरकार ने आरबीआई से पूरा 'अतिरिक्त धन–कुल लाभ' नहीं लिया था।

सरकार ने केवल एक हिस्सा लाभांश के रूप में लिया था।

2018 में जब उर्जित पटेल आरबीआई के गवर्नर थे, तब मोदी सरकार ने बैंक से लाभ का पूरा पैसा मांगा था। हालांकि, पटेल ने नियमों के अनुसार इनकार कर दिया, जिसके कारण उन्हें गवर्नर पद से इस्तीफा देना पड़ा।

फिर सरकार ने आरबीआई के पूर्व गवर्नर बिमल जालान की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय समिति गठित की, जिसने सरकार के लिए रास्ता साफ किया।

उस समय तक आरबीआई से लाभांश के रूप में ली जाने वाली अधिकतम राशि 50/55 हजार करोड़ थी।

बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी ने त्र्प से 50 हजार करोड़ की जगह 70 हजार करोड़ मांगे थे, लेकिन बैंक ने साफ मना कर दिया और सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया।

इस सरकार ने न केवल अपने लिए आरबीआई के नियम बदले हैं, बल्कि कॉरपोरेट और कंपनियों के लिए 323 से 27 कानून बदलकर उनके कारनामों पर पर्दा डाल दिया है।

पिछले 3 से 5 साल में 50 हजार कंपनियां दिवालिया हो गई। बैंकों के कर्ज डूब गए और 70 हजार नई कंपनियां नए कर्ज लेकर खड़ी हो गई। यही इस सरकार का अर्थशास्त्र है।

आज अगर आरबीआई को अपेक्षित 74 हजार करोड़ का मुनाफा नहीं है और जो थोड़ा–बहुत है, वह भी सरकार ले लेगी, तो डूबते बैंकों को कौन बचाएगा?

लक्ष्मी विलास, यस बैंक, डीएचएफएल जैसे बैंक तो आपको याद ही होंगे। लक्ष्मी विलास को सिंगापुर के बैंक को बेच दिया गया। बाकी दो बैंकों की हालत अभी भी बहुत खराब है, और अब दो और बैंकों का निजीकरण किया जा रहा है। कुतुब मीनार विष्णु स्तम्भ है या ज्ञानवापी में शिवलिंग है, यह समझने के बजाय हमें यह समझना चाहिए कि सरकार की इस आर्थिक नीति ने देश को कहां पहुंचा दिया है। संवैधानिक नियम कहता है कि अगर लगातार 4 महीने तक महंगाई बढ़ती रहे, तो सरकार को सीधे आरबीआई से सवाल करना चाहिए! और आरबीआई को भी उचित जवाब देना चाहिए। लेकिन पिछले 6 महीने से महंगाई सूचकांक बढ़ने के बावजूद सरकार ने न तो सवाल किया है और न ही आरबीआई ने कोई स्पष्टीकरण दिया है। संसद में इस पर चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन इस सरकार ने ऐसा नहीं किया। आज का आरबीआई बोर्ड सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है, तो जवाबदेह कौन होगा? उर्जित पटेल के खिलाफ कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि वे सरकार के खिलाफ गए थे! ऐसे ज्वलंत उदाहरण सामने होने पर, सरकार के खिलाफ कौन जाएगा?

इसके विपरीत, सरकार द्वारा नियुक्त बोर्ड ने सरकार का साथ देकर आरबीआई को इस स्थिति में पहुंचा दिया है।

पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के 2006 से 2014 तक के आठ साल के कार्यकाल की तुलना मोदी के 2014 से 2022 तक के कार्यकाल से करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि डा. सिंह के कार्यकाल में सरकार ने आरबीआई से केवल 1,01,679 करोड़ लिए, जबकि मोदी के कार्यकाल में यह राशि 5,74,976 करोड़ है! यानी पांच गुना ज्यादा है।

इसे कहते हैं 'सिस्टम के जरिए चालाकी से किया गया भ्रष्टाचार!'

आप ही तय करें कि आरबीआई को दिवालिया बनाने का असली जिम्मेदार कौन है?

(विजय घोरपड़े, अर्थशास्त्री)

प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की बात कही, लेकिन आंकड़े इसके विपरीत हैं

हमारे युवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर अवसरों के द्वार खुले हैं। स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अनगिनत नए रोजगार के अवसर, जो आजादी के बाद कई वर्षों तक हमारे पास नहीं थे, अब हमारे दरवाजे पर हैं।

यह एक महत्वपूर्ण दावा है, ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की भारत रोजगार रिपोर्ट सहित कई रिपोर्ट नीति निर्माताओं को देश की बढ़ती बेरोजगारी दर, खासकर युवाओं के बीच, के बारे में आगाह कर रही हैं। मेरे देश के युवा अब धीरे–धीरे आगे बढ़ना नहीं चाहते। वे क्रमिक प्रगति में विश्वास नहीं करते। इसके बजाय, वे छलांग लगाने, साहसिक कदम उठाकर नए मुकाम हासिल करने के मूड में हैं। मैं कहना चाहूंगा कि यह भारत के लिए स्वर्णिम काल है। वैश्विक परिस्थितियों की तुलना में भी, यह वास्तव में हमारा स्वर्णिम काल है।

इस सप्ताह की शुरुआत में, आईएलओ ने अपनी ग्लोबल एम्प्लयमेंट ट्रेंड्स फर यूथ 2024 रिपोर्ट में कहा कि दुनिया भर के युवा सुरक्षित काम नहीं पा पा रहे हैं और नौकरी पाने की संभावना कम होती जा रही है क्योंकि जिस देश में वे रहते हैं, वहां की आय का स्तर घट रहा है।

आईएलओ ने चेतावनी दी कि 15–24 वर्ष के युवाओं की संख्या जो रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण में नहीं हैं, चिंताजनक है और कोविड–19 महामारी के बाद रोजगार में सुधार सार्वभौमिक नहीं है। आईएलओ ने रिपोर्ट में कहा, 'कुछ क्षेत्रों में युवा और युवतियां आर्थिक सुधार का लाभ नहीं देख पा रहे हैं।' भारत में, विपक्ष न केवल बढ़ती बेरोजगारी को लेकर बल्कि रोजगार परिदृश्य पर आंकड़ों की अनुपलब्धता को लेकर भी केंद्र पर हमला कर रहा है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय का राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय 2011–12 तक रोजगार और बेरोजगारी सर्वेक्षण जारी करता था। 2017 से, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षणों ने रोजगार और बेरोजगारी सर्वेक्षणों की जगह ले ली।

श्रम अर्थशास्त्री संतोष मेहरोत्रा ने कहा, 'भारत ने श्रम सांख्यिकीविदों के 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिबद्धता जताई थी कि वह आईएलओ की परिभाषाओं के आधार पर एक व्यापक सर्वेक्षण कराएगा। लेकिन आईएलओ की परिभाषाओं के आधार पर इस तरह का सर्वेक्षण करने का निर्णय लेने के बावजूद कोई पायलट सर्वेक्षण नहीं किया गया।' उन्होंने कहा, 'इसके बावजूद, 2017 में पीएलएफएस पिछले 45 वर्षों में देश में सबसे अधिक रहा।' पहले पीएलएफएस में पाया गया था कि 2004–05 और 2011–12 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित पुरुषों में बेरोजगारी दर 3.5–4.4 प्रतिशत के बीच थी, जो 2017–18 के दौरान बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गई। शिक्षित ग्रामीण महिलाओं के लिए, 2004–05 और 2011–12 के बीच बेरोजगारी दर 9.7–15.2 प्रतिशत थी। यह 2017–18 में बढ़कर 17.3 प्रतिशत हो गई। शहरी क्षेत्रों में शिक्षित पुरुषों के लिए, बेरोजगारी दर 2004–05 और 2011–12 के बीच 3.6 प्रतिशत से 5.1 प्रतिशत थी, जो 2017–18 के दौरान बढ़कर 9.2 प्रतिशत हो गई। शहरी क्षेत्रों में शिक्षित महिलाओं में, बेरोजगारी दर 10.3 प्रतिशत –15.6 प्रतिशत के बीच थी, जो 2017–18 में बढ़कर 19.8 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा, 'तीसरी मोदी सरकार के तहत भी इस मुद्दे के प्रति दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आया है। ऐसी स्थिति नीतियों का परिणाम है।' केंद्र हाल ही में आरबीआई द्वारा प्रकाशित केएलईएमएस (के) पूंजी, एलः श्रम, ईः ऊर्जा, एमः सामग्री और एसः सेवाएँ) डेटाबेस पर भरोसा कर रहा है, जिसने दिखाया कि भारत में रोजगार 2017–18 में 47.5 करोड़ की तुलना में 2023–24 में 64.33 करोड़ हो गया। श्रम मंत्रालय ने ईपीएफओ के पेरोल डेटा को भी प्रदर्शित किया, जिसमें दिखाया गया कि 2023–24 में 1.3 करोड़ से अधिक शुद्ध ग्राहक इसमें शामिल हुए। केंद्र ने कहा, 'इसके अलावा, पिछले 6.5 वर्षों (सितंबर 2017 से मार्च 2024) के दौरान 6.2 करोड़ से अधिक शुद्ध ग्राहक ईपीएफओ में शामिल हुए, जो रोजगार के औपचारिककरण में वृद्धि का संकेत है।'

प्रो. मेहरोत्रा ने कहा कि केएलईएमएस ने संकट में कृषि क्षेत्र में प्रवासियों की वापसी और नौकरियों को भी गिना है। उन्होंने कहा, 'नोटबंदी, अनियोजित जीएसटी और लॉकडाउन जैसी नीतियों ने यह परिदृश्य बनाया है।' (ए.एम. जिगीश द्वारा द हिंदू के सौजन्य से)

वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग का निधन

पिछले अंक से जारी...

उनके सैद्धांतिक योगदान वियतनाम से आगे तक फैले हुए हैं, जो व्यावहारिक आर्थिक नीतियों के साथ समाजवादी आदर्शों को एकीकृत करने के लिए एक मॉडल प्रदान करते हैं। वैचारिक अनुशासन, रणनीतिक आर्थिक सुधारों और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर जोर देकर, कॉमरेड ट्रिंग का ढांचा आधुनिक दुनिया में समाजवाद के अपने स्वयं के संस्करण विकसित करने के इच्छुक देशों के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह मॉडल वैश्विक आर्थिक परिवर्तनों के सामने समाजवादी सिद्धांतों के विकसित होने और प्रासंगिक बने रहने की क्षमता पर प्रकाश डालता है और अन्य देशों को न्यायसंगत और सतत विकास के लिए अपने स्वयं के प्रयासों में अनुसरण करने का मार्ग प्रदान करता है।

